लिये रबी 1998-99 मौसम से एक संशोधित व्यापक फसल बीमा योजना लागू करने का प्रस्ताव है ।

जहां तक पशु बीमा का संबंध है, एक व्यापक पशु बीमा स्कीम पहले से ही विद्यमान है, जिसके तहत एक विनिर्दिष्ट आयु वर्ग के पशुओं की निम्नलिखित बातों से संभावित मृत्यु हेतु बीमा किया जाता है: (1) दुर्घटना (आग, बिजली गिरने, बाढ़, तूफान, भूकम्प, अकाल आदि जैसे प्राकृतिक कारणों सहित (2) पॉलिसी की अवधी में रोग लगने/रोगी होने पर; (3) शल्प चिकित्सा (4) दंगे, हड़ताल तथा नागरिक भगदड़ (5) प्रजनन तथा प्रसूति की जोखिम तथा (6) स्थायी पूर्ण विकलांगता (अतिरिक्त प्रीमियम की अदायगी पर), के लिए।

विवरण

क्र0स0	राज्य	मृतकों की संख्या	क्षतिग्रस्त फसल का क्षेत्र (लाख है0)	क्षतिग्रस्त मकानों की संख्या	गुमशुदा पशु(संख्या)
1.	आन्ध्र प्रदेश	943			
2.	असम	24	नगण्य	4965	
3.	गुजरात	1			
4.	राजस्थान	37			
5.	उत्तर प्रदेश	5		142	24
6.	पश्चिम बंगाल	5	0.09	15157	47
	कुल	1015	0.09	20264	71

अति वृष्टि से नुकसान

1692. श्री गोविन्दराम मिरी: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:

(क) गत वर्ष के दौरान मध्य प्रदेश में छत्तीसगढ़ क्षेत्र के सात जिलों में अति वृष्टि से किसानों को कुल कितनी क्षति हुई; और

(ख) उन्हें राहत प्रदान करने हेतु क्या कार्यवाही की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल): (क) मध्य प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि अत्याधिक शीतकालीन वर्षा के कारण राज्य के छत्तीसगढ़ क्षेत्र के 7 जिलों में 24.15 लाख हैक्टेयर फसलगत क्षेत्र प्रभावित हुआ जिससे अनुमानत: 100.00 करोड़ रुपये से भी अधिक की फसल का नुकसान हुआ।

कृषकों की लगभग 94.00 करोड़ रुपये की राशि के अल्पावधि ऋणों को मध्यवधि ऋणों में परिवर्तित करने और सरकारी ऋणों पर एक वर्ष के लिए ब्याज को माफ करने के अतिरिक्त लगभग 13.00 करोड़ रुपये की राशि के सहकारी ऋणों पर ब्याज से छूट की सुविधा दी गई । इसके अतिरिक्त, किसानों को पुन: बुवाई, रबी की बुवाई तथा ग्रीष्म फसल की बुवाई के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज तथा उर्वरक तकावी दिए गए। राज्य सरकार ने अपवार्णित धान तथा अन्य फसलों की खरीद उचित मूल्य पर करने के लिए पर्याप्त प्रबन्ध करने की सूचना दी है।

आनन्द बिहार स्थित दिल्ली विकास प्राधिकरण के फ्लैटों में दिल्ली दुग्ध योजना का "बूध"

1693. श्री सुर्यभान पाटील वहाडणे: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि पूर्वी दिल्ली के आनन्द विहार कालोनी में स्थित दिल्ली दुग्ध योजना के "बूथ" को दूध की सीमित आपूर्ति होने के कारण स्थानीय समृद्व व्यक्तियों को ही दूध मिल पाता है जब कि जरूरतमंद मध्यम व निम्न वर्गों के लोग इस सुविधा से वंचित है;

(ख) क्या सरकार लोगों की भारी मांग को देखते हुए आनन्द विहार के डी0डी0ए0 फ्लैट्स में डी0एस0एस0 का "दूध" खोलने का विचार रखती है;